भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *156
उत्तर देने की तारीख 29 जुलाई, 2026

तमिलनाडु में डिजिटल भारत निधि के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाएं

***156. श्री थरानिवेंथन एम. एस:**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) तमिलनाडु में डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के प्रारंभ से लेकर अब तक स्वीकृत की गई परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और तमिलनाडु के अरानी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित जिला-वार कितने मोबाइल टावरों को स्वीकृत, संस्थापित किया गया है और प्रचालनशील बनाया गया है;
(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान तमिलनाडु में मोबाइल और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी में सुधार लाने के लिए डीबीएन के अंतर्गत वर्ष-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित, जारी की गई और उपयोग में लाई गई;
(ग) क्या डीबीएन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बावजूद तमिलनाडु में किसी ग्रामीण, दूरस्थ और जनजातीय बस्तियों में अभी भी विश्वसनीय 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी नही है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार को तमिलनाडु सरकार से डीबीएन सहायता प्राप्त अतिरिक्त दूरसंचार अवसंरचना परियोजनाओं के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और यदि हां, तो ऐसे प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है; और
ङ) तमिलनाडु में डीबीएन परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं और राज्य में सार्वभौमिक मोबाइल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री

(श्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया)

(क) से (ङ) : विवरण सदन पटल पर रखा गया है।

****

"तमिलनाडु में डिजिटल भारत निधि के तहत स्वीकृत परियोजनाएं" के संबंध में दिनांक 29.07.2026 के लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 156* के भाग (क) से (ङ) के संबंध में विवरण।

(क) और (ख): तमिलनाडु राज्य के लिए डिजिटल भारत निधि से संशोधित भारतनेट कार्यक्रम सहित 4जी सेचुरेशन स्कीम और भारतनेट कार्यक्रम को स्वीकृति प्रदान की गई है। तमिलनाडु राज्य में योजनाबद्ध और चालू किए गए मोबाइल टावरों की सख्या का जिला-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है। पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान तमिलनाडु राज्य में मोबाइल और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी में सुधार के लिए डिजिटल भारत निधि द्वारा 1,363.39 करोड़ रूपये संवितरित किए गए हैं। इसका वित्तीय वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैं:

वित्तीय वर्ष	संवितरित निधि (करोड़ रूपए में)
2021-22	74.21
2022-23	103.72
2023-24	573.40
2024-25	336.82
2025-26	275.23
कुल	1,363.39

(ग): भारत के महा पंजीयक के आंकड़ों के अनुसार, तमिलनाडु राज्य में 16,488 गांव हैं और 16,447 गांवों में 4जी कनेक्टिविटी उपलब्ध है। इसका जिला-वार विवरण अनुबंध-II में दिया गया है।

(घ) तमिलनाडु राज्य सहित देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को चरणबद्ध तरीके से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए भारतनेट परियोजना को अनुमोदन दिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने भारतनेट परियोजना के चरण-I और चरण-II के तहत सृजित मौजूदा नेटवर्क के उन्नयन और नई ग्राम पंचायतों (जीपी) और मांग के आधार पर गैर-ग्राम पंचायतों (नॉन-जीपी) वाले गांवों के लिए वृद्धिशील नेटवर्क सृजित करने, इसके प्रचालन और रखरखाव और 1.5 करोड़ फाइबर-आधारित इंटरनेट कनेक्शन का प्रावधान करने के लिए डिजाइन, निर्माण, प्रचालन और रखरखाव मॉडल के तहत संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) को अनुमोदन दिया है। भारत सरकार ने तमिलनाडु राज्य में संशोधित भारतनेट कार्यक्रम के तहत भारतनेट नेटवर्क के उपयोग के लिए तमिलनाडु राज्या सरकार के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है और इसके लिए किए गए करार को राज्य सरकार के साथ साझा किया है।

(ङ): 30.6.2026 की स्थिति के अनुसार भारतनेट परियोजना के तहत तमिलनाडु राज्य में 11,118 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया था। इसके अलावा, तमिलनाडु राज्य सहित देश के दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों के सेवा से वंचित गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए 4जी सेचुरेशन परियोजना को अनुमोदन दिया गया है। 30.6.2026 की स्थिति के अनुसार तमिलनाडु राज्य में 257 मोबाइल टावर चालू किए गए हैं जिससे 308 गांव इस सेवा से कवर होंगे।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 29 जुलाई, 2026 के लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *156 के भाग (क) और (ख) के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध

तमिलनाडु राज्य में डिजिटल भारत निधि के तहत योजनाबद्ध और चालू किए गए मोबाइल टावरों का जिला-वार ब्यौरा

क्र. सं.	ज़िला	योजनाबद्ध टावर	चालू किए गए टावर	योजनाबद्ध गाँव	कवर किए गए गाँव
1.	चेंगलपट्टू	1	0	1	0
2.	कोयंबटूर	9	2	20	4
3.	धर्मपुरी	14	11	22	19
4.	डिंडीगुल	39	12	43	13
5.	इरोड	15	9	15	9
6.	कल्लाकुरिची	34	32	35	33
7.	कांचीपुरम	15	0	15	0
8.	कन्याकुमारी	17	17	17	17
9.	करूर	2	2	2	2
10.	कृष्णागिरी	20	8	22	10
11.	मदुरै	13	13	14	14
12.	नमक्कल	32	26	35	27
13.	सलेम	28	28	39	39
14.	शिवगंगा	5	5	5	5
15.	तेनकासी	3	3	3	3
16.	तंजावुर	2	2	2	2
17.	नीलगिरी	7	4	46	21
18.	थेनी	4	3	4	3
19.	तिरुवल्लुर	23	19	23	19
20.	तूतुकुड़ी	2	2	2	2
21.	तिरुचिरापल्ली	7	7	7	7
22.	तिरुनेलवेली	8	8	8	8
23.	तिरुपथुर	8	3	13	7
24.	तिरुपूर	1	1	1	1
25.	तिरुवन्नामलाई	28	28	32	31
26.	वेल्लोर	12	11	12	11
27.	विलुप्पुरम	7	1	7	1
	कुल	356	257	445	308

अनुबंध-II

दिनांक 29 जुलाई, 2026 के लोकसभा तारांकित प्रश्न संख्या *156 के भाग (ग) के उत्तर के संदर्भ में अनुबंध

तमिलनाडु राज्य में 4जी कनेक्टिविटी का जिला-वार ब्यौरा

क्रम संख्या	ज़िला	गाँवों की कुल संख्या (2019 के आरजीआई डेटा के अनुसार)	4जी कनेक्टिविटी प्राप्त गाँवों की संख्या
1	अरियालूर	214	214
2	चैंगलपट्टू	601	601
3	कोयंबटूर	256	254
4	कुड्डालोर	843	843
5	धर्मपुरी	487	478
6	डिंडीगुल	370	370
7	इरोड	306	306
8	कल्लाकुरिची	582	577
9	कांचीपुरम	436	436
10	कन्याकुमारी	115	115
11	करूर	175	175
12	कृष्णागिरी	661	657
13	मदुरै	592	591
14	नागपट्टिनम	494	494
15	नमक्कल	427	427
16	पेरम्बलूर	159	159
17	पुदुक्कोट्टई	756	756

क्रम संख्या	ज़िला	गाँवों की कुल संख्या (2019 के आरजीआई डेटा के अनुसार)	4जी कनेक्टिविटी प्राप्त गाँवों की संख्या
18	रामनाथपुरम	398	398
19	रानीपेट	316	316
20	सलेम	616	609
21	शिवगंगा	539	538
22	तेनकासी	229	228
23	तंजावुर	810	810
24	नीलगिरी	41	41
25	थेनी	101	99
26	तिरुवल्लुर	716	716
27	थिरुवरुर	546	546
28	तूतुकुड़ी	450	450
29	तिरुचिरापल्ली	469	468
30	तिरुनेलवेली	284	284
31	तिरुपथुर	226	225
32	तिरुप्पुर	309	308
33	तिरुवन्नामलाई	1110	1107
34	वेल्लोर	340	338
35	विलुप्पुरम	921	920
36	विरुधुनगर	593	593
कुल		**16,488**	**16,447**

****